**दिनांक 17.02.2026 को मुख्य अभियंता (द0), भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में अरवल जिलान्तर्गत अरवल सदर में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन का निर्माण कार्य हेतु प्राप्त तकनीकी बीड पर विचार हेतु तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही :-**

---

**उपस्थितिः-**

(i) श्री मनोज कुमार सिंह, मुख्य अभियंता (दक्षिण), भवन निर्माण विभाग, पटना। - अध्यक्ष

(ii) श्री अभय कुमार सिंह, अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, गया जी। - सदस्य

(iii) श्री सुमन कुमार, कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, अरवल। - सदस्य

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | - | अरवल जिलान्तर्गत अरवल सदर में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन का निर्माण कार्य। |
| 2 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग का | - | ₹16,62,10,000/- (सचिव, ग्रामीण विकास विभाग का ज्ञापांक-3556556 दिनांक-10.01.2025)। |
| 3 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | - | ₹9,84,89,000/- (मु0अभि0 (नि0) का पत्रांक-1143(नि0) अनु0 दिनांक-13.07.2025)। |
| 4 | परिमाण विपत्र की राशि | - | ₹ 9,79,20,087/- (असैनिक कार्य) |
| 5 | निविदा की राशि | - | ₹ 12,01,76,176/- |
| 6 | निविदा आमंत्रण सूचना सं0 एवं प्रसंग | - | पी0आर0संख्या-021067(भ0) 25-26 दैनिक जागरण समाचार पत्र में दिनांक-02.01.2026 में प्रकाशित। |
| 7 | निविदा आमंत्रण की तिथि | - | 02.01.2026 |
| 8 | प्री-बीड की बैठक की तिथि | - | 15.01.2025 / 19.01.2025 |
| 9 | निविदा की तिथि | - | 02.02.2026 |
| 10 | निविदा खोलने की तिथि | - | 05.02.2026 |
| 11 | <u>निविदादाता का नाम एवं पता</u> | - | (1) मे0 मॉ कमाख्या कंसट्रक्सन एण्ड को0, कामता, परासी, अरवल (Reg. No.- 1250181, Class-I , BCD, Bihar)।<br>(2) मे0 बालाजी डेवलपर्स, साकेत, साउथ दिल्ली। (Reg. No.- 180028046, CPWD)।<br>(3) मे0 श्रेयश इंजिकॉन प्रा0 लि0, बैंक रोड, पटना (Reg. No.- 1240001, Class-I , BCD, Bihar)।<br>(4) बालकृष्ण भलोटिया कंसट्रक्सन प्रा0 लि0, जमुई बाजार, जमुई (Reg. No.- 1230031, Class-I , RCD, Bihar)।<br>(5) मे0 मॉ चन्द्ररेखा इन्फ्राटेक, गॉधी पथ, पटना (Reg. No.- 1210111, Class-I )।<br>(6) मे0 आर0एस0टी0 कंसट्रक्सन, अनिसाबाद, पटना (Reg. No.- B&R, Class-II , CPWD)।<br>(7) शिव कुमार पंडित, गाय घाट, गुलजारबाग, पटना (Reg. No.- 1250231, BCD, Bihar)। |

E:/V/Block.T.P-1/2026/docx 77

12 **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्यः-**

**प्रथम बार आमंत्रित ई-निविदा की कार्यवाहीः-**

इस निविदा की वैधता (120 दिन) समाप्त हो जाने एवं सभी निविदाकार से निविदा की वैधता बढ़ाने पर सहमति/असहमति पत्र अप्राप्त होने के कारण दर्ज आपत्ति/परिवाद पर विचार किये बिना ही आमंत्रित निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा करने का निर्णय लिया गया।

**द्वितीय बार आमंत्रित ई-निविदा (वर्त्तमान) की कार्यवाहीः-**

दिनांक 17.02.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक मे कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, अरवल द्वारा निविदा मे शामिल कुल सात निविदाकार द्वारा अपलोड किये गये निविदा कागजातों को डाउनलोड कर समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। तकनीकी बीड के अभिलेखों की जॉच व तकनीकी मूल्यांकन किये जाने का निर्णय इस शर्त्त के साथ लिया गया कि भाग लेने वाले निविदाकार द्वारा एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(b) के तहत समर्पित किये गये समान प्रकृति कार्य अनुभव प्रमाण-पत्र की जॉच में यदि अनुभव प्रमाण-पत्र फर्जी/जाली/गलत पाया जाता है, तो उक्त संबंधित निविदाकार पर बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली-2007 के तहत समुचित कार्रवाई की जा सकेगी। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सात निविदाकार का तकनीकी बीड के अभिलेखों को जॉच किया गया है, जॉचोपरांत निम्नवत् पाया गयाः-

**प्रथम निविदाकार** मे0 मॉ कमाख्या कंसट्रक्सन एण्ड को0, कामता, परासी, अरवल (Reg. No.- 1250181, Class-I , BCD, Bihar) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **''रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

**द्वितीय निविदाकार** मे0 बालाजी डेवलपर्स, साकेत, साउथ दिल्ली (Reg. No.- 180028046, CPWD) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत पाया गया कि निविदा की शर्त्तो में मांगी गयी एस0बी0डी0 की कंडिका-4.2(i) के तहत "Credit facility Certificate Given by Indian Bank up to 10% of BOQ Amount" के विरूद्ध निविदाकार द्वारा Bank Certificate पाया गया, परन्तु नियमानुसार उक्त Bank Certificate में कार्य का नाम उद्धृत नहीं पाया गया, साथ ही No Relation संबंधि कोई Declaration नहीं उपलब्ध कराया गया है। अतः एस0बी0डी0 की कंडिका-4.2(i) एवं Clause-38 के आलोक में इन्हें **''नॉन-रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

**तृतीय निविदाकार** मे0 श्रेयश इंजिकॉन प्रा0 लि0, बैंक रोड, पटना (Reg. No.-1240001, Class-I , BCD, Bihar) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **''रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

**चतुर्थ निविदाकार** बालकृष्ण भलोटिया कंसट्रक्सन प्रा0 लि0, जमुई बाजार, जमुई (Reg. No.- 1230031, Class-I , RCD, Bihar) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **''रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

**पंचम निविदाकार** मे0 मॉ चन्द्ररेखा इन्फ्राटेक, गॉधी पथ, पटना (Reg. No.- 1210111, Class-I) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **''रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

**षष्ट्म निविदाकार** मे0 आर0एस0टी0 कंसट्रक्सन, अनिसाबाद, पटना (Reg. No.- B&R, Class-II , CPWD) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत

पाया गया कि निविदा की शर्त्तों में मांगी गयी एस0बी0डी0 की कंडिका-4.5A(c) के तहत Brick Work-1116.175 Cum एवं Furniture Work राशि 49,69,337/- के विरूद्ध निविदाकार द्वारा मात्र 688.84 Cum एवं Furniture Work हेतु कोई भी अनुभव प्रमाण-पत्र नहीं पाये जाने के कारण, निविदा की शर्त्तों में मांगी गयी अर्हता को पुरा नहीं करता है। अतः एस0बी0डी0 की कंडिका- 4.5A(c) के तहत इन्हें **''नॉन-रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

**सप्तम् निविदाकार** शिव कुमार पंडित, गाय घाट, गुलजारबाग, पटना (Reg. No.- 1250231, BCD, Bihar) द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में इन्हें **''रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

इस प्रकार सात निविदाकार में से पॉच निविदाकार को **''रिसपॉन्सिव''** एवं दो निविदाकार को तकनीकी बीड में **''नॉन-रिसपॉन्सिव''** पाया गया।

13 <u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णयः-</u>

विभागीय पत्रांक-6290(भ0) दिनांक-07.07.2025 के आलोक में सम्यक् विचारोपरांत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से (1) मे0 मॉ कमाख्या कंसट्रक्सन एण्ड को0, कामता, परासी, अरवल (Reg. No.- 1250181, Class-I , BCD, Bihar) (2) मे0 श्रेयश इंजिकॉन प्रा0 लि0, बैंक रोड, पटना (Reg. No.- 1240001, Class-I , BCD, Bihar) (3) बालकृष्ण भलोटिया कंसट्रक्सन प्रा0 लि0, जमुई बाजार, जमुई (Reg. No.- 1230031, Class-I , RCD, Bihar) (4) मे0 मॉ चन्द्ररेखा इन्फ्राटेक, गॉधी पथ, पटना (Reg. No.- 1210111, Class-I) (5) शिव कुमार पंडित, गाय घाट, गुलजारबाग, पटना (Reg. No.- 1250231, BCD, Bihar) को सफल (6) मे0 बालाजी डेवलपर्स, साकेत, साउथ दिल्ली (Reg. No.- 180028046, CPWD) (7) मे0 आर0एस0टी0 कंसट्रक्सन, अनिसाबाद, पटना (Reg. No.- B&R, Class-II, CPWD) को असफल घोषित किया गया, साथ हीं निर्णय लिया गया कि इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर रखा जाय एवं दिनांक-23.02.2026 के पूर्वाह्न 10:00 बजे तक निविदा से संबंधित किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त होती है, तो मुख्य अभियंता (द0) तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत करेंगे एवं पुनः विचार/अंतिम निर्णय हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेंगे। उक्त तिथि तक किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नही होने की स्थिति में मुख्य अभियंता (द0) वित्तीय बीड खोलकर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत कर विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुशंसा के साथ प्रस्तुत करेगें।

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

| ह0/- | ह0/- | ह0/- |
|---|---|---|
| (सुमन कुमार) | (अभय कुमार सिंह) | (मनोज कुमार सिंह) |
| कार्यपालक अभियंता, | अधीक्षण अभियंता, | मुख्य अभियंता (द0), |
| भवन प्रमंडल, अरवल। | भवन अंचल, गया जी। | भवन निर्माण विभाग, |
| | | बिहार पटना। |

ज्ञापांकः-भवन/मु0अभि0(द0)यो0-03-61/2025...5625..... पटना/दिनांक...17/02/26...

**प्रतिलिपिः**- आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

17/02/26

मुख्य अभियंता (द0)।

E:/V/Block.T.P-1/2026/docx 79